## खबर संक्षेप

### रिपोर्ट लिखी नहीं, उलटा बंद करने की दी गई धमकी

**शहडोल।** सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मईकी में स्टे की भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जुताई-बुवाई का काम फिर से चालू कर दिया गया है, जिसकी सूचना देने के लिए फरियादी सोहागपुर थाने पहुंचे, जहां इसकी सूचना थाना प्रभारी ने लेने से इनकार कर दिया गया, तब जाकर फरियादी ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैकी की आराजी खसरा नंबर 836 रकवा 0.478 हेक्टेयर भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जुताई-बुवाई कर छीटवा धान की फसल बोने की सूचना फरियादी ने जब संबंधित थाने में करने की कोशिश की तो सोहागपुर थाने में इनकी रिपोर्ट नहीं ली गई, फरियादी की भूमि ग्राम मैकी के आरजी खसरा नंबर 836 रखवा 0478 हेक्टेयर है तथा जो सहभूमि स्वामी स्वतंधिकार एवं अन्य कब्जे दखल की भूमि संपत्ति है, जिस पर कब्जे को लेकर तीव्र विवाद एवं परीशांति भंग होने के फलतः न्यायालय दंडाधिकारी सोहागपुर जिला शहडोल के समक्ष दाडिक प्रकरण क्रमांक 05/ आपराधिक /145 /2030 लंबित है, न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी सोहागपुर द्वारा 14 फरवरी को एक कुर्की आदेश धारा 146 (1) जा फो के तहत जारी किया गया था, जिसमें परिपालन में थाना प्रभारी सोहागपुर द्वारा फसल को कुर्क कर हैसियतदार व निष्पक्ष व्यक्ति द्वारा ग्राम पंचायत मैकी के सरपंच मंगू बैगा के सुपुर्दगी में दिया गया था और मंगू बैगा द्वारा फसल की कटाई करके अपने पास ग्राम पंचायत में सुरक्षित रखा गया।

बीती रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जुताई करके धान की छिटवा फसल बुवाई की गई है, जबकि उक्त भूमि में कब्जे को लेकर विवाद होने एवं परीशांति भंग होने के फल स्वरुप न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी सोहागपुर द्वारा कुर्क किया गया है और प्रकरण लंबित होकर गतिशील है, अज्ञात व्यक्तियों का तालमेल थाना सोहागपुर के पुलिस बल से होने के कारण फरियादी की रिपोर्ट थाना में नहीं लिखी गई और दुव्यवहार करते हुए फरियादी को थाने से भगा दिया गया तथा यह कहा गया कि यहां से चले जाओ नहीं तो उल्टा तुम्हे को बंद कर देंगे। थकहार कर फरियादी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### 13 जुलाई को राजस्व प्रकरणों की संभागीय समीक्षा बैठक

**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा भगवती पाण्डेय ने जानकारी दी है कि कमिश्नर बी.एस. जामोद की उपस्थिति में आरसीएमएस पोर्टल से प्राप्त लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य मुद्दो पर संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कमिश्नर कार्यालय के सभागार में 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है।

### संभाग में चलेगा 10 से 25 जुलाई तक राजस्व सेवा अभियान

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद की पहल पर संभाग में 10 जुलाई से 25 जुलाई 2024 तक राजस्व सेवा अभियान चलाया जाएगा। राजस्व सेवा अभियान में नक्शा तरमीम तथा 2 से 5 वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। साथ ही राजस्व अभियान समाप्ति के पश्चात संबंधित राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार शत-प्रतिशत निराकरण का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना भी सुनिश्चित करेंगे।



### पुलिस-प्रशासन से शिकायत के बावजूद नहीं हट पा रहा अतिक्रमण

शहडोल। संभाग को उत्तम चिकित्सा सेवा देने के नाम पर संचालित बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज दिनोदिन अव्यवस्था का शिकार हो रहा है। जिससे आने वाले समय में कई तरह की समस्याएं अपना फन उठाएंगी। जिनसे निपटने में समय लगेगा और परेशानियां भी बढ़ेंगी। हैरानी की बात यह है कि मेडिकल कालेज जैसे संवेदनशील और शांति क्षेत्र के सामने ही सब्जीमण्डी की भांति अतिक्रमण किया जा रहा है। सुरक्षा के नाम पर सिस्टम को तस्करी के अड्डे की तरह नियंत्रित किया जा रहा है। मेडिकल कालेज में पारदर्शिता जैसे शब्द का गला घोटा जा रहा है। सफाई का ठेका तो होता है लेकिन फिर भी आगे पीछे गंदगी की भरमार है।

# अतिक्रमण का शिकार हुआ बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज

### मेडिकल कालेज के सामने अतिक्रमण

मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने से अतिक्रमण शुरू हो जाता है। कहने को यहां पक्की दुकानें हैं, फिर भी बीच सडक़ तक कब्जे कर व्यापार



किया जा रहा है। जिसके चलते अच्छी खासी चौड़ी सडक़ भी किसी संकरी गली सी नजर आने लगी है। खासकर किसी कार या अन्य चौपहिया वाहन के गुजरते समय यहां अन्य कोई वाहन नहीं निकल सकता है। मुख्य द्वार के ठीक सामने चाय, पान, समोसे के ठेले लगाने व दुकानदारों के अतिक्रमण ने बॉटल नेक बना दिया है। करीब तीस फीट चौड़ी सडक़ यहां बमुश्किल दस से आठ फीट ही बची है। हर दो चार मिनट में यहां जाम लग जाता है।

बताया जाता है कि कालेज प्रबंधन ने इसकी शिकायत प्रशासन व पुलिस के बड़े अधिकारियों से की है लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### परिसर में बह रहा गंदा पानी

मेडिकल कालेज परिसर में सामने ही मरीजों के परिजन नहाने धोने अथवा खाना बनाने आदि का काम करते हैं। इससे चौबीसो घंटे गंदा पानी बहता रहता है और बदबू सी उठती रहती है। यही नहीं यहां गुटका, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थों के रैपर भी पड़े रहते हैं। जिनकी सफाई नहीं होती है। इस स्थल पर मच्छर व मक्खियां पनपती रहतीं हैं। कालेज की दीवारो पर भी पान तम्बाकू के पीक पड़े दिखाई पड़ते हैं। प्रबंधन ने सफाई का ठेका दिया है लेकिन साफ सफाई नहीं की जाती है। प्रबंधन द्वारा सफाई की मॉनीटरिंग नहीं की जाती है।



### जैवकीय कचरा घर बदहाल



अस्पताल का विषाक्त जैवकीय कचरे को सुरक्षित ढंग से संग्रहित करने के लिए एक कमरा बनवाया गया है। वह कचरे से भरा पड़ा है। कालेज के कर्मचारी पैक टों और बोरियों में भरकर कचरा बाहर ही फेंक कर चले जाते हैं। जिससे संक्रमण होने का भय बना हुआ है। एक खास बात यह भी है कि कचरे का समय पर उठाव भी नहीं कराया जा रहा है। कचरा निष्पादन करने वाले ठेकेदार इस ओर कभी पलट कर भी नहीं जाते हैं। पूरे परिसर में दुर्गंध सी उठती रहती है। कालेज की सफाई व्यवस्था काफी लचर है। इस ओर प्रबंधन का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

### इतना सेंसटिव, इतना सेंसर?

मेडिकल कालेज जितना उपचार के लिए व अन्य व्यवस्थाओं के लिए संवेदनशील नहीं है उससे कई गुना ज्यादा इस मामले में संवेदनशील है कि उसकी कोई खबर बाहर लीक नही होने पाए। इसके लिए कालेज परिसर व अंदर जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उनसे केवल यह निगरानी की जाती है कि कोई अंदर आकर किसी स्थल की तस्वीर नहीं खींचे। कोई किसी बात का प्रमाण एकत्र नहीं कर सके। फोटो खींचते ही एक कर्मचारी हाजिर हो जाता है कि साहब बुलवा रहे हैं। साहब पूछते हैं कि फोटो क्यों खींच रहे हो। ऐसी खुफिया निगाहें तो तस्करों के अड्डे पर अधिकतर देखी जातीं हैं जहां सुरक्षा के लिए सतर्कता बरती जाती है।

## प्रबंधन और प्रशासन ने नहीं ली किसानों की सुध: शर्मा

### नेशनल हाईवे पर चौपाल लगाने की दी चेतावनी

**शहडोल।** किसान नेता भूपेश शर्मा ने बताया कि नेशनल हाईवे बटुरा के पास कल मौके पर ही चौपाल लगेगा, समस्या के समाधान के बाद ही किसान सडक़ छोड़ेंगे, बताया गया कि रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना अंतर्गत किसानों ने अपनी समस्या को लेकर कई बार आग्रह, धरना प्रदर्शन किया, कई बार खदान बंद किया, लेकिन रास्ता नहीं निकला, परेशान होकर किसानों ने अपने जिला के मुखिया को आप बीती बताई , लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से भी वार्तालाब की गई, जिस कारण किसान नाराज होकर किसानों ने सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित गांव के प्रमुखजनों ने बैठक बुलाई गई और निश्चय किया कि समय पूरा हुआ, अब अपनी समस्या जैसे एसडीएम सोहागपुर द्वारा किसानों के साथ एसईसीएल रामपुर बटुरा सरवेरिया मैनेजर के साथ बैठक हुई, उसी बीच एसडीएम ने किसानों की बात को ना सुनते हुए अपनी बात कहने लगे और मय बोलता हूं आप सुनिए, उसी बीच किसानों ने नाराज होकर बैठक बहिष्कार कर दिया, उसके बाद किसानों ने अपनी समस्या को लेकर पूर्व सूचना लिखित रूप से प्रशासन को चेतावनी देते हुए बताया कि एसईसीएल सोहागपुर धनपुरी एरिया के रामपुर-बटुरा के प्रभावित किसानों की समस्या का समाधान को लेकर दो दिवस के अंदर बैठक कर समाधान नहीं किया गया तो, आने वाले 10 तारीख को पहले चरण के रूप में नेशनल हाईवे बटुरा के पास सडक़ जाम करेंगे, हमारी समस्या पुनर्वास पुनस्र्थापना बकाया मुआवजा एवं धारा 9, 1, 21जनवरी 2016 के किसानों को पृथक पृथक भू स्वामी मानते हुए, रोजगार उपलब्ध कराया जाए और किसानों के ऊपर चलाए गए मुकदमा को तत्काल वापस लिया जाए। किसानों ने किसी तरह से कोई ऐसा घटना दुर्घटना कार्य नहीं किया ना ही खदान को गैरू उचित प्रभावित किया किसानों की समस्याएं सुनी नहीं जाती है और किसानों ने समय पर सूचना देकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन करते हैं तो, उसमें आए दिन किसानों को एसईसीएल एवं पुलिस के द्वारा प्रसारित किया जाता है।

## साहब...एक साल से अटका मजदूरी भुगतान

**शहडोल।** जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी जनपद पंचायत अनूपपुर निवसी पुष्पा मिश्रा ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पति की मृत्यु 3 नवम्बर 2023 को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में हो गई थी, जिसमें संबल कार्ड के तहत आर्थिक सहायता के लिए आवेदन दिया गया था, किन्तु अभी तक संबल कार्ड के तहत सहायता राशि प्रदान नही की गई है तथा सरपंच, सचिव एवं सीईओ द्वारा 25 हजार रूपये की मांग की जा रही है। उनका कहना था कि मुझे संबल कार्ड के तहत सहायता राशि प्रदान करवाने का कष्ट करें। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पंचायत बरकोडा निवासी मंगल जयसवाल ने आवेदन देकर बताया कि मैं ग्राम पंचायत बरकोडा मे मजदूरी का कार्य करता हूँ, मैं खेत तालाब निर्माण कार्य रामसजीवन नट के खेत में 27 अक्टूबर 2022 से 19 जनवरी 2023 तक कार्य किया था। जिसका कुल कार्य 40 दिवस था एवं सोखता गडढा (शोकपिट) निर्माण आंगनवाडी केंद्र/प्राथमिक शाला बरई में 06 अप्रैल 2023 से 15 अप्रैल 2023 तक कार्य किया था। शोकपिट मे कुल कार्य 8 दिवस था। ग्राम पंचायत बरकोडा सचिव रामशिरोमणी शर्मा ग्राम पंचायत बरकोडा के खाता मे राशि होने के बावजूद मजदूर का मस्टर रोल नहीं निकाल रहा है और न ही ग्राम पंचायत के खाता से मजदूरी भुगतान कर रहा है। एक वर्ष से ऊपर समय हो गया है। मजदूरी मांगने पर सचिव रामसिरोमणी शर्मा द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। जीवन यापन करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि मेरा मजदूरी का भुगतान कराया जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू की ओर आवेदन प्रेषित कर मजदूरी का भुगतान कराने के निर्देश दिए।

## जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष

### मारपीट का विडियो हुआ वायरल, पुलिस अधीक्षक से मांगा न्याय

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में जमीनी मामले को लेकर एक ही गांव के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, इस खूनी जंग में खूब लाठी, डंडे बरसाए गए, महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, इस हमले में किसी का सर फूटा तो, किसी का हाथ टूटा, घायल यादव परिवार अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय की फर्स पर लेट कर घायलों ने अपनी फरियाद सुनाते हुए गांव के दबंगों पर मारपीट का आरोप लगाया है, पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे का लाइव



विडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

### यह है मामला

गोहपारू थाना क्षेत्र के मलमाथर में रहने वाले यादव परिवार व शर्मा परिवार में खेत में पानी सीचने को लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया को लाठी-डंडे चलने लगे, दबंगों ने महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडों से पीटा है। यादव परिवार की घायल महिला गोमती यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि खेत में पानी सीचने को लेकर विवाद पर गांव के आशीष शर्मा,राजू शर्मा, दद्दू शर्मा, अंबिका शर्मा ने लाठी, डंडे,



गैती आदि से हमला कर दिया, इस हमले में उनके परिवार के 8 से अधिक लोग चोटिल हुए है, इस खूनी जंग में खूब लाठी डंडे बरसाए गए, महिलाओं को भी दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया, इस हमले में किसी का सर फूटा तो किसी का हाथ टूटा, घायल यादव परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### इनका कहना है...

गोहपारू के मलमाथर गांव में जमीनी मामले को लेकर शर्मा व यादव परिवार के बीच मारपीट हुई है ,जिस पर यादव परिवार के लोगो को चोट आई है, उनकी शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

**राघवेंद्र दिवेदी**
**डीएसपी मुख्यालय**
**शहडोल**

## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

## छात्रावास में नहीं मिल रही विद्यार्थियों को सुविधाएं

**शहडोल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह की उपस्थिति में जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हुए लोगों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर के छात्रों ने आवेदन देते हुए बताया कि हम सब छात्र शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय परिसर में बने छात्रावास में रहते हैं और नियत समय मे विद्यालय में पढऩे जाते है। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में हमें लाइट, साफ-सफाई, गुणवत्ताहीन भोजन, पानी की समस्या सहित अन्य कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में कोई साफ-सफाई करने नहीं आता है और न ही कोई गेट कीपर है। मेन गेट दिन रात खुला रहता है, जिससे विद्यालय में कोई भी में प्रवेश कर हम छात्रों को हानि पहुंचा सकता है। छात्रों ने बताया कि हमने अपनी समस्याओं के बारे में प्राचार्य को भी बताया है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। छात्रों का



कहना था कि हमें विद्यालय एवं छात्रावास में मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए, जिससे हम सुविधाओं का लाभ लेकर पढाई कर सकें। जिस पर श्री शाह ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करें।

### पेड़ कटाने लगाई गुहार

श्रीमती बीना पनिका पति स्वर्गीय ललित पनिका निवासी वार्ड नंबर 14 दुर्गा कालोनी शहडोल ने आवेदन दे कर बताया कि मेरा मकान वार्ड नंबर 14 शहडोल में बना हुआ है। मेरे मकान के बगल में यूके लिप्टिस का पेड़ लगा हुआ है। तथा यह पेड़ मेरे मकान में आकर टिक गया है। जिसकी वजह से मेरा मकान क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में है। मैंने पेड़ को कटवाने के लिए कई बार नगरपालिका शहडोल को आवेदन भी दिया है। लेकिन नगर पालिका द्वारा अभी तक पेड़ काटने की कार्यवाही नहीं की गई है। उनका कहना था कि पेड़ को कटवा दिया जाए, जिससे मेरा मकान सुरक्षित रह सके। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि मामले की जांच कर पेड़ काटने की कार्यवाही करें।

### ठेके पर हो रहा पंचायत मे काम

जनसुनवाई में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत सगरा के समस्त ग्राम वासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सगरा में ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी होने के बाद भी सरपंच द्वारा निर्माण कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है। ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। निर्माण कार्यों में मनमाने तरीके से निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्राम वासियों का कहना था कि ग्राम पंचायत सगरा में हो रहे निर्माण कार्य उच्चगुणवत्ता के साथ बनें, एवं ठेकेदारों की बजाय ग्राम पंचायत की निर्माण एजेंसी कार्य कराए। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले में जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ने बताया कि मोहर्रम पर्व 17 जुलाई 2024 को मनाया जाना है। इस संबंध में 10 जुलाई 2024 को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार उमरिया मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक मे सर्व संबंधियो से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### अमानक बीज के क्रय, विक्रय एवं स्थानांतरण पर प्रतिबंध

**उमरिया।** उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने सरावगी ट्रेडर्स संयज मार्केट के एडवांट इंटरप्राइजेस लिमिटेड सी, ओ भारती ब्रम्हा सीडस सीरियल नंबर 824, 825 नूतनकल ग्राम मेढचल मंडल जिला मेढचल मल्का गिरी का पैडी हायब्रिड बीज शहडोल प्रयोगशाला में परीक्षण पश्चात अमानक स्तर का पाये जाने पर बीज के भंडारण, क्रय, विक्रय एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है ।

### उद्योग विभाग की जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक मे उद्योग विभाग व्दारा विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं से संबंधित प्रकरण जिनके संचालन में कठिनाई आ रही है के संबंध में चर्चा की गई तथा उनके निराकरण के संबंध में विचार विमर्श किया गया । आपने बताया कि जिला उद्योग केंद्र व्दारा स्वीकृत 6 प्रकरणों में संचालन में आ रही समस्याओ के निराकरण में आ रही समस्याओं के संबंध में कलेक्टर व्दारा निर्देश दिए गए ।

### एक पेड मां के नाम पौधरोपण का कार्य तीन दिवस में करें पूराः कलेक्टर

**उमरिया।** भारत सरकार द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत उमरिया जिले में 13 लाख पौध रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है । लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों को जिला प्रशासन व्दारा लक्ष्य आवंटित किए गए है । सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप तीन दिवस के भीतर पौध रोपण की कार्यवाही पूरा करें तथा जिन स्थानों में पौध रोपित किए गए है , उस स्थल की सहित जानकारी सीईओ जिला पंचायत को प्रेषित करें । यह निर्देश देते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जिले में जिन स्थानों पर पौध रोपण किया जा रहा है तथा जिन लोगों व्दारा पौधरोपण किया जा रहा है उसकी सेल्फी लेकर अंकुर एप में अपलोड करें , जिससे काम के साथ ही जिले की प्रगति भी परिलक्षित हो सके ।

### समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायते अन अटेण्डेंट नही रहे अन्यथा संबंधित एल-1 अधिकारी तथा जिला प्रमुख अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी । आपने कहा कि समय सीमा के पत्रों का संबंधित अधिकारी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। आगामी सप्ताह में सभी समय सीमा के पत्रों का निराकरण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए । विभागवार अन अटेण्डेंट शिकायतों की समीक्षा की जाएगी ।

### घर से ब्लाउज सिलवाने जाने को कहकर निकली पत्नी नही आई वापस

**कोतमा।** थाना अंतर्गत रेउला गांव निवासी नरेंद्र कुमार अगरिया ने 9 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी पत्नी पिंकी अगरिया 25 वर्ष 7 जुलाई की शाम 4 बजे घर से ब्लाउज सिलवाने जाने को कहकर निकली थी, जो लौट कर वापस घर नहीं आई। आसपास एवं रिश्तेदारी में पता करने पर कहीं पता नहीं चला उसने पुलिस को बताया कि उसका एक साल का लड़का है जिसे घर में छोड़कर कहीं चली गई है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला कायम करते हुए विवेचना में लिया।

## दो बार बंधा बोरिया बिस्तर, घटिया निर्माण में लिप्त

# पत्नी की वेण्डर फर्म की सप्लाई में बदनाम हुए

**शहडोल।** जयसिंहनगर जनपद की पंचायतों में सरपंच व सचिव के जितने घोटाले हैं, उनके बराबर ही शायद इंजीनियरों के भी मामले हैं, जो समय-समय पर प्रकाश में आते रहते हैं। मामलों की जांच होती है और धांधली किए जाने की पुष्टि भी होती है, लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं होती है। अधिक दबाव पडऩे पर स्थानांतरण कर अभयदान दे दिया जाता है। वर्तमान में जयसिंहनगर की एक दर्जन से भी अधिक पंचायतों के प्रभारी उपयंत्री मनोज शुक्ला का भी यही हाल है। अपनी पत्नी के नाम पर फर्म खोलकर पंचायतों में मटेरियल सप्लाई करना इनका शगल बन चुका था। सोहागपुर जनपद के कार्यकाल में इन्होंने पत्नी के नाम पर वेण्डर फर्म खोली थी, जब शिकायत हुई तो, इन्हे चुपके से बुढ़ार खिसका दिया गया, जब वहां भी इनकी हरकत जारी रही तो, इन्हे वहां से जयसिंहनगर खदेड़ दिया गया।

### पत्नी को बनाया वेण्डर

मनोज शुक्ला सोहागपुर जनपद में रहते हुए चूंकि कई पंचायतों के इंजीनियर थे। इसलिए उन्होंने इसका लाभ उठाने सप्लाई का काम शुरू कर दिया। इसके लिए उन्होने पत्नी के नाम से ड्रीम हाऊस हार्डवेयर एण्ड इंटीरियर नामक फर्म खड़ी की और निर्माण कार्यों में मटेरियलों की धुंआधार सप्लाई शुरू कर दी, जिसमें उन्हे काफी लाभ हुआ। फर्म का जीएसटी नंबर 23 डीओव्हीपीएस 7130 आर 1 जेडडब्ल्यू है। यह उनकी पत्नी के नाम पर वाणिज्यकर कार्यालय से पंजीकृत था। पंचायतों में लगे बिलों में फर्म का पता पटेल नगर वार्ड नंबर 12 दिया जाता था। काफी दिनों तक यह खेल चलता रहा,




धीरे-धीरे इंजीनियर का राजफाश हो गया।

### जांच पड़ताल में पकड़ाई धांधली

फर्म को लेकर शिकायतें होने ली थीं। पता स्थल पर फर्म है या नहीं, जिस सामग्री का विक्रय पंचायतों में हो रहा है, उसे कथित फर्म खरीदती है या फिर सिर्फ विक्रय कर रही है कुछ ऐसे ही बिन्दुओं की जांच की गई। जांच में वेण्डर संस्था की धांधली प्रमाणित हो गई। हालांकि इनके कृत्य धोखाधड़ी जैसे गंभीर कृत्य की श्रेणी में होने के बावजूद इन्हे कुछ खास दण्ड नहीं दिया गया। केवल दिखावे के लिए इनका स्थानांतरण बुढ़ार जनपद के लिए कर दिया गया। वहां भी इन्होंने अपना बिसातखाना जारी रखा। वहां भी शिकायत होने लगी तब इन्हें वहां से हटाकर जयसिंहनगर के लिए कर दिया गया। अब इंजीनियर श्री शुक्ला वहां गुल खिला रहे हैं।

### ऐसी बना दी बाउण्ड्री

जयसिंहनगर जनपद में भी इनके पास बनसुकली, भर्री, चरहेंट, गजवाही, जमुड़ी, कुंदाटोला, महुआटोला, मुदरिया टोला, पहडिय़ा, पतेरिया टोला, पथरवाह, पिपरी, पोड़ी आदि एक दर्जन से भी अधिक पंचायतें हैं। जहां भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। बीते माहों में जब उनके पास सरवारी पंचायत थी, वहां एक बाउण्ड्री का निर्माण कराया जाना था। निर्माण एजेंसी पंचायत थी। इंजीनियर श्री शुक्ला ने बिना रास्ता छोड़े पूरे सार्वजनिक शौचालय को घेर कर पूरे परिसर में बाउण्ड्री तान दी। जिससे शौचालय अंदर घिर गया और आवाजाही बंद हो गई। यह निर्माण किस तरह हो रहा है इससे न तो सचिव का सरोकार रहा न इंजीनियर का। दोनो ने ही बाउण्ड्री का घटिया निर्माण करा कर छुट्टी पा ली। इस निर्माण कार्य की भी ग्रामीणों ने शिकायत की है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। बताया जाता है कि जनपद स्तर से लेकर जिला स्तर तक श्री शुक्ला सेटिंग बनाने में माहिर हैं। इसीलिए उनके विरुद्ध कोई भी शिकायत ज्यादा असर नहीं करती।

**जन्म से लेकर विवाह तक के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार ने व्यवस्था की:जिला पंचायत अध्यक्ष**

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 80 जोड़े परिणय सूत्र में आबद्ध

**उमरिया।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह निकाह योजना से उन गरीब परिवारों को चिंता से मुक्त कर दिया है, जो बेटी के विवाह के लिए जमीन या गहने गिरवी रखते थे या बेंच देते थे, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इस योजना से हजारों कन्याओं के विवाह धूमधाम से वैदिक रीति से सम्पन्न हो रहें हैं। इन विवाहों की सम्पूर्ण व्यवस्था शासन व्दारा की जा रही है। नव वर वधू के खाते में 49 हजार रूपये एवं विवाह व्यवस्था में 6 हजार रुपये कुल 55 हज़ार रुपये खर्च किये जाते है। प्रशासन घराती पक्ष से उत्तर दायित्व वहन करता है तो, जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक विवाह के साक्षी बनते हैं। उक्त आशय के विचार जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने करकेली जनपद प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने अनेको हितग्राही मूलक योजनाओं का संचालन किया है। बेटियो के जन्म से लेकर विवाह तक कि व्यवस्था सरकार ने की है। बेटियों के





जन्म होने पर उन्हें लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, विवाह की उम्र होने पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ, महिलाओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ , धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्वला योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजनाओं का लाभ महिलाएं आत्म निर्भर हुई है और तरक्की की राह पर निरंतर रूप से चल रही है। कार्यक्रम में 80 कन्याओं का विवाह वैदिक रीति मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम में लमिया बाई पिता सूरज सिंह ग्राम हर्राडाड, निशा बाई पिता जीवन लाल बैगा ग्राम लोरहा, राधा बाई पिता नकुल सिंह ग्राम मरदरी, स्नेहा बसोर पिता नरवदिया ग्राम उजान , प्रीति कोल पिता बिस्सू कोल ग्राम सिलौडी को 49 हज़ार का चेक एवं पौध भेंट किया। इसके साथ ही नव वर वधुओ ने मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में पौधरोपित किया एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना से वर वधुओ की शादी कराकर उनके जीवन में खुषियों लाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार व्दारा सर्वहारा वर्ग के लिए अनेको योजनाएं संचालित की है, जिसका लाभ भी आम लेकर अपने जीवन स्तर को उंचा उठा रहे है। सरकार द्वारा 178 प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है । योजनाओ के क्रियान्वयन से हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका मून सिंह ने नये जीवन की शुरूआत करने वाले नव वर वधू को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही कार्यक्रम को धनुषधारी सिंह, राजा तिवारी, पंकज तिवारी सहित अन्य अथितियों ने सम्बोधित किया।

# पुत्र ने पिता पर किया जानलेवा

### ग्रामीणों ने आरोपी को पकडक़र पुलिस को किया सुपुर्द

**मानपुर।** पुलिस चौंकी अमरपुर अंतर्गत ग्राम पड़वार मे घरेलू विवाद पर पुत्र ने पिता पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया है, जिससे पिता के सिर में चोंट आई है, जिसे इलाज के लिए देर रात 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया है, जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है। खबर है कि ग्राम पड़वार मे पिता और पुत्र के बीच उपजे घरेलू विवाद ने उग्र रूप ले लिया, जहां पुत्र ने किसी धारदार औजार से पिता पर हमला कर दिया, जिससे पिता को सिर में चोट लगते ही बुरी तरह लहूलुहान हो गया। आरोपी पुत्र ने अपने पिता की करतूतों से खुद को परेशान बताते हुए पिता पर घर के बर्तन बेचने का आरोप लगाया है और धोखे से लगने की बात कह रहा है। वहीं घटना के बाद आनन-फानन में 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई, जहां मानपुर के 108 एम्बुलेंस के एक्सपर्ट चालक लाला भाईजान ने बिना देर किये मौके पर पहुंचकर घायल को



तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया, जहां घायल का उपचार जारी है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना थाना मानपुर पुलिस को दी है। बताया जाता है कि घटना के बाद घर के अन्य लोगो ने गांव वालों की मदद से आरोपी पुत्र को पकडक़र पेड़ में रस्सी से बांध दिया और घटना की सूचना अमरपुर चौकी पुलिस को दी है।

# पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा संपन्न



**उमरिया।** मध्य प्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम 2022 के तहत जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत 6 ग्राम पंचायत में पेसा एक्ट की ग्राम सभा का आयोजन किया गया , जिसमे नवीन ग्राम सभा गठन हेतु नजरी नक्शा का भौतिक सत्यापन किया गया। तहसीलदार पाली के द्वारा ग्राम पंचायत गोयरा के अम्हाटोला, ग्राम पंचायत गिजरी के हरिनताल ग्राम पंचायत तुम्मीछोट के कन्या टोला ग्राम पंचायत शाहपुर के कुदरा टोला ग्राम पंचायत कुछमहा खुर्द के भदरा टोला में तहसीलदार पाली के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से फलिया टोला में जाकर नजरी नक्शा का भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार , ब्लॉक समन्वयक, पेसा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक मोबिलाईजर उस फलिया टोला के मतदाता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# ईएफ ब्लॉक के कर्मचारी विद्युत समस्या से ग्रसित

**जमुना/बदरा। कोतमा क्षेत्र में स्थित माइनर्स आवास कॉलोनी ईएफ ब्लॉक जमुना कॉलोनी में पिछले एक माह से श्रमिक विद्युत की समस्या से जूझ रहे हैं। जिस विषय को लेकर स्थानीय कर्मचारी एवं श्रम संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा कई बार विद्युत विभाग के फोरमैन एवं अधिकारियों से वार्ता की गई। बार-बार सुधार देने के आश्वासन के बाद भी आज तक विद्युत समस्या से लोगों को निजात नहीं मिली।**




स्थिति को अनियंत्रित देखते हुए भारतीय मजदूर संघ जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष विजय सिंह के द्वारा 8 जुलाई को फोरमैन प्रदीप शर्मा से वार्ता की गई जिस पर उनके द्वारा यह कहा गया कि इस प्रकरण को ठाकुरदीन फोरमैन के द्वारा निराकरण किया जा रहा है। आप एक बार उनसे वार्ता कर लें, उन्होंने उनसे निवेदन किया कि आप वरिष्ठ हैं आप इस विषय को देख गंभीरता को समझते हुए कार्य प्रगति पर लाकर श्रमिकों की समस्या से निजात दिलाये, उन्होंने अति शीघ्र करने का आश्वासन दिया। 9 जुलाई 2024 को विद्युत विभाग की टीम सुधार कार्य करने हेतु वहां उपस्थित हुई परंतु किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं हुआ उसके उपरांत विजय सिंह के द्वारा फोरमैन ठाकुर दिन से वार्ता की गई। ठाकुरदीन के द्वारा यह कहा गया कि यह श्रम संघ एवं अधिकारियों का आपसी सांठ-गांठ है, जिस पर हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। उनके द्वारा ठाकुरदीन से निवेदन किया गया कि श्रमिकों की समस्याओं का निजात दिलायें, परंतु ठाकुर दीन ने उनसे से कहा कि आप ही आकर करके कार्य करवा दीजिए। विजय सिंह के द्वारा महाप्रबंधक विद्युत यांत्रिकी से फोन पर वार्ता की गई उनका भी जवाब स्पष्ट नही था उन्होंने कहा मैं बाहर हूं आकर के देखता हूं। इस प्रकार ईएफ ब्लॉक के श्रमिकों को विद्युत समस्या से परेशान करना निश्चित तौर पर सदस्यता सत्यापन की तारीख निश्चित होने के बीच में ठाकुरदीन का इस प्रकार से वार्ता करना संदेह से परे नहीं है। विजय सिंह के द्वारा ठाकुरदीन को किए गए फोन कॉल को सत्यापित कराकर जानकारी ली जा सकती है, क्योंकि विजय सिंह ने बताया कि वह किसी प्रकार का कोई कॉल रिकॉर्ड नहीं करते हैं उनका फोन करने का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ श्रमिकों को विद्युत समस्या से निजात दिलाना था। लोक प्रिय महाप्रबंधक से मांग हैं कि विषय फोन काल की जाँच कर आवश्यक कार्यवही कर अतिशीघ्र श्रमिकों को विद्युत समस्या से निजात दिलाये।

### नगर में निकाली गयी स्वच्छता जागरूकता रैली



**राजनगर।** नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झरिया के मार्गदर्शन निर्देशन पर उपयंत्री शिवराम इंडपाचे के देख-रेख मे स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत लोगो मे जागरूकता लाने के लिए नगर मे 9 जुलाई को जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर विभिन्न वार्डो मे भ्रमण किया गया। रैली के दौरान क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए आम नागरिकों से अपील की गयी, साथ ही क्षेत्र के आमजनो से आह्वान किया गया कि स्वच्छता बनाए रखें। कूडा कचरा यहां वहां न फेंके, नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा, हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा डाले। निकाय द्वारा निर्धारित स्थानों पर रखे ट्विन बिनो का उपयोग करें कचरा ट्विनबिन मे ही डालने की अपील की गयी।

### एक पेड़ मां के नाम किया गया वृक्षारोपण

निकाय अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियो, परिषद के कर्मचारियों तथा नगर के युवा युवक्तियों, छात्र-छात्राओं के द्वारा मुख्य मार्गो के अगल-बगल, धार्मिक स्थल के समीप व अन्य कई स्थानो पर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत गुलमोहर, आम, जामुन, नींबू, कटहल, सीताफल, सहजन, काजू, अमरूद, करौंदा के पौधे का पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर सभापति रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, परिषद के कर्मचारी धीरेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह परिहार, तीरथ पनिका, पंकज चतुर्वेदी, गौरव महाता, हरीश सिंह, दीपक साह, विवेक मिश्रा, एजाज अहमद, मुन्नापाल, प्रवीण शर्मा, विपिन दुबे, पंकज चतुर्वेदी, सफाई मित्र सूरज, चंदन, शनि, राजश्री, सकुन संधान ट्रस्ट के डॉ. राकेश रंजन शुक्ला, जय प्रकाश रवि तथा अशोक वर्मा समेत नगर के अन्य कई नागरिकों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# कतले हुसैन अस्ल में मर्गे यजीद है

### इमाम चौक में 10 रोजा लंगरे आम



**कोतमा।** पैगंबर मोहम्मद स.अ. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाने वाला पवित्र त्योहार जो कि मोहर्रम के महीने में मनाया जाता है इसी तारतम्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इमाम चौक इस्लाम गंज कोतमा में भव्य भंडारे (लंगरे आम) का आयोजन वारसी हुसैनी कमेटी के द्वारा किया जा रहा है। जिसमे समाज के सभी वर्ग के लोग एकत्रित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी अपनी सहभागिता निभाते है। ज्ञात हो कि उक्त आयोजन में क्षेत्र भर से भारी मात्रा में श्रद्धालु गण पहुंचते है और इमाम चौक में रखी हुई ताजिया शरीफ की जियारत करते है। लंगरे आम (भंडारे) का आयोजन 8 जुलाई से 17 जुलाई तक शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक किया जाता है।

# शासकीय महाविद्यालय राजनगर में रोपे गए पौधे

**राजनगर।** 9 जुलाई को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा, विभाग भोपाल, एवं श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला- अनूपपुर के निदेर्शानुसार शासकीय महाविद्यालय राजनगर परिसर (भलमुडी) में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. माया पारस के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ थीम पर महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। जो राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक, (एनएसएस) अधिकारी हिमांशु मरावी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस मुहिम में नगर परिषद बनगवां से धनंजय यादव, हरिलाल साकेत, अखंड प्रताप सिंह, राकेश कुमार अग्रहरी, अभय शाह, अखिलेश विश्वकर्मा, अजय उपाध्याय, बृजभूषण त्रिपाठी, तथा अजय श्रीवास्तव ने अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। छात्रों ने छायादार, फलदार पौधे लगाकर धरा को हरा-भरा रखने का लिया संकल्प। इसके साथ ही छात्रों को पर्यावरण को बचाए रखने हेतु वृक्षारोपण के महत्व को विस्तार से समझाया गया। एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ. हीरा सिंह गौड़, रतन सेन, अनुसूईया प्रसाद रजक, आनंद कुमार मिश्रा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित



**कोतमा।** गत दिनांक को ग्राम-गढ़ी में युवा साहू समाज एवं राष्ट्रीय तेली साहू समाज के द्वारा प्रतिभाशाली एवं समाज के गौरवशाली बच्चे, बच्चियों को अपने मेहनत और प्रयासों से शिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होने के उपलक्ष्य में उपस्थित पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य मंगलदीन साहू एवं आजीविका मिशन से ताराद्यस साहू के मार्ग दर्शन में बच्चों बच्चियों को सम्मान पत्र एवं ट्राफी के साथ सम्मानित किया गया। विशेष समान कु रिया साहू पिता जगदीश साहू 12 में 90.6% के साथ साहू समाज के कोतमा क्षेत्र में पहली बेटी नीट की परीक्षा पास कर माता पिता गुरु, क्षेत्र एवं समाज का नाम रोशन की है, जिन्हे 1100 नगद के साथ सम्मान पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से लालमन साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत विचारपुर, छोटे साहू वरिष्ठ समाज सेवी, सूरजदीन साहू वरिष्ठ समाज सेवी, मोतीलाल साहू युवा समाज सेवी, विजय साहू, लक्ष्मण साहू युवा समाज सेवी, बृजेश साहू, जगदीश साहू, मुन्ना साहू, मंगल साहू, अंकित साहू, गंगा साहू युवा समाज सेवी सहित अन्य प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही है।

## खबर संक्षेप

### इमामबाड़ा परिसर में तकरीर का प्रोग्राम चल रहा है



**धनपुरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इमामबाड़ा कमेटी द्वारा दिनांक 7 जुलाई से 16 जुलाई 24 तक चलेगा। यहां पर तकरीर करने बाहर से आए हुए मौलाना इम्तियाज बरकाती (अहमदाबाद) का प्रोग्राम रखा गया है। इमामबाड़ा कमेटी के सचिव मुजफ्फर खान ने बताया कि विगत कई वर्षों से तकरीर का प्रोग्राम इमामबाड़ा में होता आ रहा है। आगामी होता रहेगा मौलाना इम्तियाज बरकाती के द्वारा तकरीर किया जा रहा है इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग एकत्रित होकर तकरीर का लाभ उठा रहे हैं रात्रि 9:00 बजे से देर रात्रि तक प्रोग्राम चलता है।

### 400 किलो महुआ लाहन के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग ने कार्यवाही करते हुए 9 अलग-अलग स्थानों में लगभग 400 किलो महुआ लाहन के साथ 35 लीटर देशी शराब को जब्त किया है। दरअसल आबकारी विभाग को मुखबिर सूचना मिली थी कि चंदिया पतरेई अखड़ार चाँदपुर मे महुआ लहान के माध्यम से जहरीली देशी शराब बनाई जा रही है, जिसके बाद आबकारी विभाग हरकत में आया और चंदिया थाना अंतर्गत 9 अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 400 किलो महुआ लाहन के साथ 35 लीटर अवैध देशी शराब को जप्त करने के साथ 9 आरोपियों को पकडने मे सफलता हासिल की है, जिन पर आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

### सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित पंजी का किया अवलोकन

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने विभिन्न कार्यालयों के उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उपयंत्री जिला शिक्षा केंद्र राजेंद्र कुमार पांडे, सहायक ग्रेड 3 जल संसाधन विभाग हीरालाल कोरी एवं सहायक ग्रेड 3 जल संसाधन विभाग नरेंद्र प्रजापति समय पर उपस्थित नहीं पाए जाने एवं शासन के आदेशों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किए जाने के लिए दोषी पाया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने समय पर उपस्थित न पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए एक दिवस का वेतन रोकने के लिए कार्यवाही की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन द्वारा शासकीय कार्यालय का कार्यालय समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियत किया गया है एवं समस्त शासकीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### बहू ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ करने व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**रीवा।** समाज में जिस तरह से बाप और बेटी का एक पाक रिश्ता होता है कुछ ऐसा ही रिश्ता बहू और ससुर का भी होता है, लेकिन जिले सेमरिया थाना क्षेत्र मे एक ससुर ने अपनी हरकतों से बहू और ससुर के रिश्ते को तार तार कर दिया है।बहू अपने ही ससुर के खिलाफ शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची जहा उसने ससुर को ठरकी बताते हुए गंभीर आरोप लगाए है। बहू का आरोप है की ससुर उसपर गलत नजर रखते है और उसकी अस्मत को लूटना चाहते है। महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने ससुर के ऊपर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। महिला का कहना है की ससुर द्वारा कई बार उसकी अस्मत लूटने का भी प्रयास कर चुके है। वही उसके साथ ससुर ने कई बार मारपीट भी की है उसके पहले भी सेमरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज करने गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि मामले की जांच करा उचित कार्यवाही कराई जाएगी।

---

उपभोक्ता के शिकायत पर बैंक कर्मी सहित एक अन्य पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज...

# यूनियन बैंक के लाकर से गायब हुई रिटायर्ड कालरी कर्मचारी के दस दस लाख की दो एफडी

**बुढार।** मध्य प्रदेश के शहडोल ज़िले में हैरान कर देने वाला धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नगर की हमेशा विवादों के घेरे में रहने वाले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बुढ़ार शाखा के लॉकर से उपभोक्ता एसईसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी के खून पसीने की कमाई 20 लाख एफडी गायब होने का मामला सामने आया है। लाकर में रखे जेवरात भी गायब होने की उपभोक्ता ने आशंका जाहरी करते हुए मामले की शिकायत थाने में की है। उपभोक्ता की शिकायत पर बुढार पुलिस ने एफडी की हेराफेरी करने वाले शातिर बदमाश सहित संलिप्त बैंक कर्मी के 409, 420 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। बुढार यूनियन बैंक के लाकर में रखी जेवरात गायब होने व उपभोक्ता के पैसा की हेराफेरी का मामला अभी हाल में ही सोमवार को सामने आया था कि एक और इसी तरह का पहले भी मामला सामने आया है,जिससे बैंक साख पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिया हैं।

अनुविभाग क्षेत्र के अमलाई थाना क्षेत्र के रहने वाले कालरी के रिटायर्ड कर्मचारी कमलदास पनिका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बुढ़ार शाखा के उपभोक्ता हैं और उन्होंने अपनी बेटी के नाम से एक लाकर भी लेकर रखा है, जिसमे उन्होंने जेवरात सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ साथ 10-10 लाख की दो एफडी भी रखी थी, जिसका हर माह ब्याज उनके खाते में आता था, लेकिन कुछ महीनों से मोबाइल पर मैसेज नहीं आने पर शंका हुई तो



उपभोक्ता कमलदास बैंक में जाकर अपने खाते को चेक कराया तो उनके पैर के नीचे से मानो जमीन खिसक गई। उनके उनके 20 लाख की एफडी गायब थी। उपभोक्ता कमलदास का आरोप है की खुद को बैंक का कर्मचारी बताने वाला प्रकाश रावत बैक के अधिकारियों के साथ मिलकर उनके 20 लाख की एफडी का हेराफेरी किए है , इतना ही नहीं लाकर में रखे जेवरात भी गायब होने की उपभोक्ता ने आशंका जाहिर करते हुए मामले की शिकायत थाने में की है, उपभोक्ता की शिकायत पर बुढार पुलिस ने एफडी की हेराफेरी करने वाले शातिर बदमाश प्रकाश रावत सहित संलिप्त बैंक कर्मी के 409,420 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### इसके पूर्व भी लाकर से जेवरात गायब होने की शिकायत हुई थी

यूनियन बैंक में इसके पूर्व भी इसी तरह बैंक के लाकर से बुढार उपभोक्ता व्यापारी बल्लू विशनानी के लाकर से 20 लाख के जेवरात गायब होने की शिकायत हुई थी, तो वही बाबू लाल चौधरी नामक उपभोक्ता के खाते से पैसा गायब होने का मामला भी प्रकाश में आया था।

### बैंक प्रबंधक नहीं दे रहा स्पष्ट जवाब

वही इस पूरे मामले बैंक प्रबंधन मिडिया के सामने कुछ भी कहने से मना कर रहें हैं। इससे सवाल उठना जायज है।

### इनका कहना

बैंक से गायब एफडी के इस मामले में थाना प्रभारी संजय जायसवाल का कहना है की यूनियन बैंक के एक उपभोक्ता के एफडी का पैसा गायब होने की शिकायत आई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए प्रकाश रावत सहित संलिप्त बैंक कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

---

## प्रधानमंत्री की सड़कें हो रही गड्ढों में तब्दील, सावधानी हटी दुर्घटना घटी



**गारंटी पीरियड में ही लग रहे चीथड़े, गड्ढों में तब्दील होने लगी पीएमजीएसवाई की सड़कें**

**उमरिया।** जिले में ग्रामीण विकास की आधारशिला कहीं जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रमीण सड़क योजना के क्रियांवयन पर भी सवाल उठने लगे हैं। मामला है उमरिया जिले के जनपद पंचायत पाली के ग्राम आमगार से काँचोदर व घुनघुटी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जो कि गड्ढे के रूप में सड़क अपना रूप लेती जा रही है इस सड़क से 8 से 10 पंचायत के ग्रामीणों का आना-जाना दुर्भर हो गया है आए दिन सड़क खराब होने से लोग दुर्घटना के शिकार होते जा रहे हैं बता दे की निर्माण के बाद ही सड़कों में गड्ढे होने के कारण उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन सड़कों पर भार सहने की क्षमता महज आठ टन होती है लेकिन इससे अधिक वजन के वाहन निकलने से भी यह सड़कें जवाब दे रही हैं। वहीं इस बात को आधार रखकर निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार भी काम में लापरवाही करते दिख रहे हैं। पीएमजीएसवाई का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को मुख्य सड़क से जोडऩा है। बावजूद अधिकांश पीएमजीएसवाई की सड़कों की पांच साल के पहले ही दशा खराब हो रही है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जब इस खराब सड़को को लेकर आवाज उठाई जाती हैं तो ठेकेदार द्वारा जहां से जहां से सड़कें उखडती हैं वहां-वहां डामर का लेपन कर दिया जाता हैं। बारिश के समय इसमें कई जगह गड्ढे हुए गिट्टियां उखड़ गई है, लेकिन उसे रिपेयर करके कमियों को छिपा दिया जाता हैं। हालांकि वही इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों से गड्ढे वाली सड़क को लेकर जानना चाहा लेकिन वह संपर्क से दूर नजर आए कहीं ना कही ठेकेदारों को अधिकारियों का खुला संरक्षण प्राप्त होता दिख रहा है।

## आदिवासी अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक बालक आश्रम पाठशाला के शिक्षकों के द्वारा की जा रही लापरवाही

### विद्यालय छोड़ कर रहते हैं नदारत, बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित






**बुढार।** विकास खंड के द्वारा कक्षा एक से पांच तक संचालित आदिवासी अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक बालक आश्रम पाठशाला में विगत कई दिनों से शिक्षक समय पर उपस्थित न रहने से छात्रों की पढ़ाई हो रही है प्रभावित शासन के द्वारा बार-बार शासकीय शिक्षकों को अपने दायित्वों के प्रति ईमानदारी से शासकीय विद्यालयों में छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण कराने के लिए जिले के कमिश्नर, कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाबजूद भी शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि बुढार नगर के विकास नगर में संचालित आदिवासी अंग्रेजी बालक आश्रम पाठशाला में 4 शिक्षक तैनात हैं और छात्रों की संख्या 50 है फिर भी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए छात्रवासी छात्रों को नियमित रूप से शिक्षा अध्ययन नहीं कर रहे हैं जिससे उनका भविष्य अंधकार की ओर अग्रसर हो रहा है।

मंगलवार को छात्रावास में केवल एक ही शिक्षिका मिली तीन शिक्षक विधायलीन समय से नदारद रहे और बच्चे क्लास छोड़कर ग्राउंड में खेल रहे थे।

### इनकी है नियुक्ति

शासकीय प्राथमिक आदिवासी अंग्रेजी बालक आश्रम पाठशाला में उच्च वर्ग सहायक अध्यापक संतोष तिवारी, प्राथमिक शिक्षक प्रदीप गुर्दमान, अशोक मिश्रा मिश्रा 9 जूलाई को विधालय में शिक्षा ग्रहण करने की बजाय कहीं अपने निजी कार्य पर रहे और विघालय से नदारद रहे।

### इनका कहना

इस संबंध में जब विकास खंड शिक्षा अधिकारी से पुछा गया तो उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक लापरवाही कर रहे हैं और अंग्रेजी बालक आश्रम के शिक्षकों को नोटिस देकर जबाब लेता हूं।

**दिलीप निगम**
**विकास खंड शिक्षा अधिकारी**
**विकास खंड बुढार**

## आंगनबाड़ी रसोइयों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बांधवगढ़।** प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ एवं मध्यान भोजन सांझा चूल्हा रसोइया संघ ने अपनी समस्यों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें पूरी करने की मांग की है ज्ञापन में चौंकाने वाली बातें भी हैं। जिसको सुनने के बाद किसी को भी यकीन करना मुश्किल हो जायेगा कि प्रदेश सरकार 17 रुपया दिन के हिसाब से 500 महीने में आंगनबाड़ी रसोइयों को खाना बनाने का वेतन देती है, जबकि मध्यान भोजन योजना केंद्र सरकार की महत्वकांछी योजना है, इस योजना को केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों मिलकर चलाती हैं। जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र से प्राप्त होती है और दूसरी 40 प्रतिशत राशि प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रदान होती है, लेकिन प्रदेश सरकार से मिलने वाली राशि नहीं मिल पाने की वजह से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में ग्रहण लग गया है, राशि न मिलने की वजह से बच्चो को मध्यान भोजन देने में सक्षम नहीं हैं। 2014 से पहले सरकार मध्यान भोजन संचालित करने के लिए 2 से 3 माह का एडवांस राशि समूह को जारी कर देती थी, लेकिन अब योजना को चलाने के लिए सरकार के द्वारा दो से तीन माह बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। समूह के द्वारा गैस सिलेंडर भी नहीं दिया जाता रसोइयों से झाड़ू, पोछा और अन्य काम भी करवाए जाते हैं। रसोइयों को खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर देना चाहिए, लेकिन समूह नही देता , जिसकी वजह से धुआं युक्त भोजन बच्चो को दिया जा रहा है, अब देखना यह है कि मांगों पर सरकार और जिले के आलाफसर क्या कार्यवाही करते हैं।

## सडक़ दुर्घटना में अधेड़ की हुई मौत

**मानपुर।** इंद्वार थाना अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम चिल्हारी डामर प्लांट के पास 8 जुलाई को लगभग 12 बजे के ट्रैक्टर में सवार होकर तिली बोने खेत जा रहा था, तभी डामर प्लाट चढ़ाई के पास गेयर लगाते समय ट्रैक्टर में सवार मकरंद बर्मन पिता जलीम बर्मन उम्र लगभग 40 वर्ष की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई, मकरंद बर्मन की मौत की सूचना लगते ही पूरे गांव में मातम सा छा



गया, मकरंद बर्मन खेती और उसके साथ मैकेनिक का काम करता था, उसी से अपने परिवार का पालन पोषण करता था, पुलिस पंचनामा बनाकर पीएम के लिए मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शव भेजा गया, पीएम उपरांत शव का अंतिम संस्कार किया गया, वहीं ट्रैरक्टर को जब्त कर अमरपुर चौकी में खड़ा करवाया गया है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हैं।

## कलेक्टर, अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ने जिला प्रमुख अधिकारियों के साथ जिले भर से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण कराया । जनसुनवाई में ग्राम पिनौरा बब्बू सिंह ने दबंगो व्दारा खेत मे जुताई नही करने देने, दन्नी बैगा ने निजी पट्टे की जमीन मे अवैध कब्जा करने, गोमती केवट ग्राम मझटोला ने उनके जमीन पर जबरन कब्जा करने, मोहन लाल साहू ग्राम मुंडी ने पत्नी का नाम परिवार आईडी से अलग करने, बुद्धसेन केवट ग्राम मझटोला ने जमीन का गलत सीमांकन करने, सोनी परिवार विकटगंज ने पुस्तैनी आवास की जमीन पर कुछ लोगो व्दारा अवैध कब्जा करने, विकटगंज निवासी मन्नू महरा ने एसडीएम न्यायालय व्दारा आदेश मे गलत भू खण्ड दर्ज कर देने संबंधी शिकायते दर्ज कराई।

## आंगनबाड़ी को समूहों का अधिकार न दिया जाए

### स्वसहयता समूह संघ ने दिया ज्ञापन

**मऊगंज।**



आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता महिला स्वा सहायता समूहों से छीन कर आंगनबाड़ी कर्ताओं को दिए जाने की योजना का विरोध करते हुए प्रांतीय महिला स्वा सहायता समूह महासंघ जिला अध्यक्ष मऊगंज राकेश त्रिपाठी द्वारा इसका विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है ज्ञापन में बताया गया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत सभी संभागों को एक-एक परियोजना की सभी आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता बनाने और खिलाने का काम वहां पूर्व से गठित महिला स्वास्थ्य समूह से छीन कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देने की योजना बनाई है। इस व्यवस्था पर पुनः विचार किया जाए क्योंकि 2007 से पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका तदर्थ समिति के माध्यम से भोजन बनाकर बच्चों को खिलाती थी तब कार्यकर्ताओं पर सेक्टर सुपरवाइजर तथा सीडीपीओ के माध्यम से इस योजना में फर्जी बड़ा करने के आरोप खूब लगते थे जिससे कुपोषण भी चरम पर पहुंच गया था 2007 के बाद महिला स्वा सहायता समूहों का जब से पोषण आहार की व्यवस्था सौपी है तब से मध्य प्रदेश में कुपोषण ग्राफ तेजी से गिरा है आंगनबाड़ियों पर कार्यकर्ता सहायिकाओं से भोजन नाश्ता बनाने खिलाने की जिम्मेदारी देने से आईसीडीएस की यह गतिविधियां प्रभावित होगी जिसकी उम्मीद सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लगाए हुए हैं अगर महिला स्वा सहायता समूहों से आंगनबाड़ी के पोषण आहार का काम छिन गया तो लाखों की संख्या में मध्य प्रदेश में महिला स्वा सहायता समूह से जुड़े परिवार बेरोजगार हो जाएंगे जिससे सरकार की इच्छा महिला विरोधी और प्रदेश की जनता को बेरोजगारी में धकेलने वाली बन जाएगी समूहों के सभी अधिकार व कर्तव्य यथा स्थित रहे और उन्हें यह कार्य करने का मौका दिया जाए जिसके संबंध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है।

## चालू वर्ष के प्रकरणों में बैंकर्स प्रगति लाएं: कलेक्टर



### डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर ने स्व रोजगार मूलक योजनाओं का संचालन करने वाले विभाग जिला उद्योग केंद्र, पशु पालन, जन जातीय कार्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के विगत वित्तीय वर्ष में बैंको में भेजे गये प्रकरणों, उनकी स्वीकृति तथा वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 15 दिवस के भीतर सभी स्वीकृत प्रकरणों में वितरण की कार्यवाही तथा आगामी वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप बैकों में भेजे गये प्रकरणों के स्वीकृति की कार्यवाही की जाए । सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के बैंकर्स प्रकरण वापस नही करें । जिन प्रकरणों में छोटी मोटी कमियां है, संबंधित विभाग के अधिकारी को सूचित कर उन्हें पूरा कराएं। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से बैंक शाखाओ का भ्रमण करें तथा भेजे गये प्रकरणों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैंकों में हितग्राहियों को ले जाकर प्रक्रिया पूरी कराएं। बैंकर्स ध्यान रखे कि हितग्राहियों को बार-बार बैंक शाखाओ के चक्कर नहीं लगाना पड़े।

## खबर संक्षेप

### पीएचई के अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ उपखण्ड कार्यालय परिसर में रोपे गए पौधे



**अनूपपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड अनुपपुर एवं उपखण्ड पुष्पराजगढ़ में कार्यपालन यंत्री एचएस धुर्वे के उपस्थिति में पौधरोपण का कार्य किया गया। पौधरोपण कार्य में विभाग के सहायक यंत्री विशाल गेड़ाम, विकास मोदनवाल, उपयंत्री दीपक साहू, नीलिमा सिंह, विकासखंड समन्वयक गोकुल प्रजापति, पी. एम. यू. टीम से दिलीप शर्मा के साथ अन्य कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प व्यक्त किया।

### नन्हे बच्चों ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अनूपपुर।** पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम पंचायत मेड़ियारास में स्कूलों में पढ़ने वाले नन्हे बच्चों ने घर के बाड़ी में नींबू व अशोक के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान बीएसडब्ल्यू छात्र मोहन सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, पेड़ों से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी। इससे उनका प्रकृति से प्रेम भी होगा। नन्हे बच्चों ने कहा कि पौधरोपण के लिए वह अपने अन्य साथियों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने जन समुदाय से अपील करते हुए कहा है कि पौधरोपण करने से अच्छा महसूस होता है।

### नलकूप खनन एवं जल स्त्रोतों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध समाप्त

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 संशोधित वर्ष 2002 की धारा 3 के प्रावधान अनुसार अनूपपुर जिले को जल अभाव क्षेत्र घोषित किया जाकर नलकूप खनन एवं समस्त जल स्त्रोतों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया था। अब ग्रीष्म ऋतु समाप्त हो चुकी है तथा वर्षा प्रारंभ हो गई है, जिसे दृष्टिगत रख कलेक्टर ने नलकूप खनन एवं समस्त जल स्त्रोतों के उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध को समाप्त कर दिया है।

### जिले मे अब तक एक लाख से ज्यादा पौधों का हुआ रोपण

**अनूपपुर।** जिले में पौधरोपण अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, खाद्य विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता, परिवहन, मत्स्य, श्रम, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य विभागों द्वारा 4 लाख 66 हजार 275 पौधों के रोपण का लक्ष्य लिया गया है। जिसके तारतम्य में अब तक एक लाख 4 हजार 26 पौधों का रोपण किया जा चुका है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लक्षित विभागों को 15 जुलाई तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधरोपण के निर्देश दिए हैं।

## कॉलनी प्रबंधन की लापरवाही के कारण

# व्यापारियों को होगा करोड़ों का घाटा

### आमडांड खुली खदान में रोड सेल को कोयला देने में गंभीर समस्याएं

कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमडांड खुली खदान में प्रबंधन की लापरवाही के चलते कोयला वितरण में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

अनूपपुर।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले महीने 1 लाख 20 हजार टन कोयला ई-ऑक्शन के माध्यम से विक्रय किया गया था और इसके साथ ही 30 हजार टन लिंकेज कोयला मिलाकर कुल 1 लाख 50 हजार टन कोयला वितरित किया जाना था। इस कोयले को 45 दिनों की अवधि में प्रतिदिन 16 घंटों (सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक) में वितरित करना था, लेकिन मौजूदा स्थिति में कोयला वितरण की यह समय सीमा पूरा करना असंभव साबित हो रहा है। कोटा चार्ट के अनुसार प्रतिदिन 140 से 167 ट्रक कोयला ले जाने के लिए निर्धारित किए गए थे, जो अब बढ़कर 180 ट्रक प्रतिदिन हो गए हैं और जल्द ही यह संख्या 200 ट्रक प्रतिदिन तक पहुंचने की संभावना है। केवल एक ही कांटा (वजन मापक) से इन सभी ट्रकों कोयला लोड और अनलोड करना बहुत मुश्किल हो गया है, जिससे प्रतिदिन की स्थिति और बिगड़ती जा रही है।




#### रोड दुर्घटनाओं का खतरा

रोड सेल का गेट और मुख्य सड़क के पास होने के कारण आए दिन रोड दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे रोड सेल की प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। यह सुरक्षा में गंभीर चूक है और प्रबंधन को तुरंत इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि इसी प्रकार की स्थिति बनी रही, तो दुर्घटनाओं की संख्या और भी बढ़ सकती है, जिससे जान-माल का नुकसान भी हो सकता है।

#### प्रबंधन की कुंभकरणीय निद्रा

प्रबंधन की लापरवाही का आलम यह है कि 24 घंटे के प्रोग्राम को ध्यान में रखते हुए 1 लाख 20 हजार टन कोयला ई-ऑक्शन से पहले रोड सेल में तैयार किया गया था, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। लेकिन प्रबंधन की कुंभकरणीय निद्रा के कारण 24 घंटे का काम 16 घंटे में कराया जा रहा है, जो असंभव है। प्रबंधन इस समस्या से निपटने की बजाय आंख मूंदे बैठा है।

#### व्यापारियो को हो रहा नुकसान

मौजूदा स्थिति में आमाडांड खुली खदान में 1 लाख टन कोयला बैलेंस में है और 30 हजार टन लिंकेज से आना बाकी है। इसके अलावा 1 लाख 20 हजार टन कोयला ई-ऑक्शन से 4 जुलाई को फिर से विक्रय किया गया है। कुल मिलाकर 2 लाख 50 हजार टन कोयला रोड सेल के माध्यम से वितरित किया जाना बाकी है। बरसात के कारण और केवल एक काटा से 16 घंटों में कोयला वितरण करना असंभव प्रतीत हो रहा है। यदि किसी कारणवश कोयला लेप्स हो जाता है, तो व्यापारियों का 500 रुपये प्रति टन ईएमडी के साथ जीएसटी अलग से काटा जाएगा और शेष पैसा तीन माह बाद दिया जाएगा। इस होने वाले नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा? व्यापारियों का करोड़ों का नुकसान होना तय है अगर प्रबंधन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की। यह केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का भी मामला है। व्यापारियों ने प्रबंधन से तत्काल और प्रभावी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो उन्हें अपने व्यापार में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यह समय है कि प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी को समझे और कार्रवाई करे, अन्यथा व्यापारियों का विश्वास खोने का खतरा है।




## बाबा कुटी परिसर चचाई परिसर में किया गया पौधारोपण

**अनूपपुर।** जिले में पौधारोपण अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चचाई आबाद मेंडियारास के सदस्यों द्वारा ग्रामीण उद्यान निर्माण कार्य बाबा कुटी परिसर चचाई आबाद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परिसर में फूलदार, फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए। बीएसडब्ल्यू छात्र मोहन सिंह द्वारा बताया गया कि रोपे गए पौधे के साथ फोटो लेकर वायु दूत एप पर अपलोड किया गया। उन्होंने बताया कि पौधरोपण के 30 दिवस बाद पुनः रोपित पौधो के साथ नवीन फोटो वायु दूत एप पर अपलोड की जाएगी। तत्पश्चात प्रतिभागी सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक जन अभियान के रूप में चलाया जा रहा है एवं लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मेड़ियारास के सचिव अजय पटेल, प्रस्फुटन समिति के सदस्य संतोष कोल,नयन मिश्रा, बीएसडब्ल्यू छात्र शिया लाल कोल, लालजी कोल ने इस पौधारोपण अभियान में मिल-जुलकर सहभागिता सुनिश्चित की।

## आईजीएनटीयू और एम्स रायपुर मिलकर शोध और करेंगे अनुसंधान

#### एमओयू पर किए हस्ताक्षर

अनूपपुर।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकटंक ने शोध और अनुसंधान के लिए एमओयू पर सोमवार को आईजीएनटीयू में हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थान सिकल सेल, किडनी संबंधी बीमारियों और जेनेटिक बीमारियों पर मिलकर कार्य करने के लिए सहमत हुए हैं। एम्स रायपुर के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और आईजीएनटीयू के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने एमओयू पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि कम उम्र में अधिक वृद्ध होना, कैंसर और किडनी संबंधी बीमारियां जनजातीय क्षेत्र में मुख्य चुनौती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय योग, युवाओं को रोजगारन्मुख प्रशिक्षण देने, हर्बल मेडिसिन सहित कई क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की लैब सहित सभी शोध और अनुसंधान संसाधनों का लाभ एम्स के शोधार्थियों को भी प्रदान करने की घोषणा की। दोनों संस्थान मिलकर योग, रसायन विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी और फामेर्सी के क्षेत्रों में कार्य करने के लिए सहमत हुए। एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल का कहना था कि एम्स और आईजीएनटीयू मिलकर आदिवासी क्षेत्रों की चुनौतियों का हल ढूंढ सकते हैं। उन्होंने कहा कि एम्स में जेनेटिक लैब स्थापित की जा रही है जिसकी मदद से आदिवासियों की कई बीमारियों पर शोध और अनुसंधान में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने मिलकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक श्रोत्रिय, प्रो. एन.एस. हरि नारायण मूर्ति, प्रो. ए.के. शुक्ला, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. भूमि नाथ त्रिपाठी, प्रो. ए.पी. सिंह, प्रो. पूनम शर्मा सहित आईजीएनटीयू के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय पौराणिक ने किया।




## स्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

#### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अनूपपुर।



स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत गंदे पानी के निस्तारण के लिए बनाई जा रही कार्ययोजना में संबंधित नगरीय क्षेत्र के सभी बसाहटों को सम्मिलित करें तथा नगर को स्वच्छ एवं साफ व सुन्दर बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जांए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत जिले के नगरपालिका अनूपपुर, बिजुरी एवं पसान क्षेत्र के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, नगरपालिका अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, नगरपालिका पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती सहबिन पनिका, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनुपपुर श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पसान शशांक आर्मो, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिजुरी पवन कुमार साहू सहित निकाय के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा कंसलटेंट उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी पॉवर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्राप्त की तथा वॉटर ट्रीटमेंट कार्ययोजना तथा कैचमेंट एरिया के संबंध में भी जानकारी ली। जिसके संबंध में कंसलटेंट ने कलेक्टर को अवगत कराया कि नगर पालिका क्षेत्र अनुपपुर में दो कैचमेंट एरिया, नगर पालिका क्षेत्र बिजुरी में तीन कैचमेंट एरिया तथा नगर पालिका पसान में दो कैचमेंट एरिया बनाया गया है, जिसके अंतर्गत गंदे पानी का संग्रहण कर वॉटर ट्रीटमेंट किया जाएगा। जिसके संबंध में कलेक्टर ने आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए नगरीय क्षेत्र की बसाहट के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए जा रहे पंपिंग स्टेशन एवं ट्रीटमेंट प्लांट की भी जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि नगर का गंदा पानी नगर के किसी भी तालाब, पोखर या अन्य जल स्त्रोतों में न जाए इसका भी अधिकारी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय पसान में सोकपिट एवं ग्रेवल फिल्टर तकनीक को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इस तकनीक को अनूपपुर एवं बिजुरी नगरीय निकाय भी अपने कार्ययोजना में शामिल करें। उन्होंने बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी पैरामीटर्स पर अभी से तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर की साफ-सफाई, सूखा-गीला कचरा का पृथकीकरण, सफाई मित्रों, बेस्ट टू बंडल पार्क, जीरो वेस्ट ईवेंट, स्वच्छ वार्ड रैंकिंग, थ्री आर के क्रियाशीलता, सौन्दर्यीकरण, जीवीपी चिन्हांकन तथा नालियों की साफ-सफाई, निमार्णाधीन भवनों को ग्रीन नेट से कवर करने आदि के संबंध में आवश?यक मार्गदर्शन निकाय के अधिकारियों को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जिले को पूर्व वर्ष की उपलब्धि से आगे निकलकर नई उपलब्धि हासिल करना है। जिसके लिए सभी निकाय के अधिकारी स्वच्छ सर्वेक्षण के दिशानिर्देशों का अध्ययन कर पैरामीटर के अनुरूप गंभीरता से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें।



## जनसुनवाई में जिपं. सीईओ ने 61 आवेदकों की सुनी समस्याएं

अनूपपुर।

आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा तथा संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से अपनी समस्याएं लेकर आए 61 लोगों ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में वार्ड नं. 10 बिजुरी के विनोद अग्रवाल ने नगर परिषद जैतहरी में सप्लाई किए गए सामग्री के भुगतान के संबंध में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटोला (बरसोत) के रुद्र प्रताप सिंह ने पुराने समग्र आईडी से नाम डिलीट कराने के संबंध में, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी (खुटवा) के बाबूराम बैगा ने शौचालय निर्माण कार्य की जाँच कराए जाने, ग्राम गोबरी तहसील जैतहरी के सोलंकी सिंह राठौर ने पीसीसी रोड निर्माण में मुरुम एवं रेत का ट्रैक्टर से किए गए ढुलाई की राशि का भुगतान नही किए जाने, अमलाई कालरी के डॉ. राज तिवारी ने मोहल्ले में पानी की समस्या के संबंध में, तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम हिरना छापर के फूल सिंह बैगा ने दिव्यांग पेंशन दिलाए जाने, तहसील कोतमा अंतर्गत वार्ड नं. 13 ग्राम बरगवां के रामनारायण यादव ने जलाशय हेतु अधिग्रहीत की गई भूमि का मुआवजा दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

## जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक 15 को

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खनिज प्रतिष्ठान अनूपपुर के सदस्य-सचिव तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि बैठक में वार्षिक कार्ययोजना, वार्षिक प्रतिवेदन तथा अन्य विषयक चर्चा की जाएगी। सर्व संबंधित जनों से बैठक में उपस्थिति की अपील की गई है।